दुनिया दीवानी है राधा तेरे नाम की भजन लिरिक्स

तुमको जो देखे,
वो तेरे ही हो जाते है,
प्यारी प्यारी सूरत में,
तेरी खो जाते है,
काले नैनों में छवि,
दिखती है श्याम की,
दुनिया दीवानी है,
राधा तेरे नाम की।bd।

ये भी देखे – सारी दुनिया है दीवानी।

यशोदा का लल्ला जो,
जग को नचाता है,
वो भी तेरे पीछे पीछे,
मुरली बजाता है,
राधे नाम बोले देखो,
बंसी घनश्याम की,
दुनियां दीवानी है,
राधा तेरे नाम की।bd।

शीश झुकाते सभी,
तेरे चरण में,
तरे तीनों लोक आके,
तेरी शरण में,
महिमा निराली है,
बरसाने धाम की,
दुनियां दीवानी है,
राधा तेरे नाम की।bd।

बंद दरवाजे 'संजय',
किस्मत के खोल रे,
बस इक बार प्यारे,
राधे राधे बोल रे,
कमी ना होगी कभी,
ऐशो आराम की,
दुनियां दीवानी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुमको जो देखे,
वो तेरे ही हो जाते है,
प्यारी प्यारी सूरत में,
तेरी खो जाते है,
काले नैनों में छवि,
दिखती है श्याम की,
दुनिया दीवानी है,
राधा तेरे नाम की।bd।

Singer – Khushbu Tiwari
Upload – Himmat Singh Raghuwanshi
9302865399

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com